संख्या-125/2022/2546/26-3-2022-10(1)/2017

प्रेषक

डॉ0 रमेश चन्द्र तिवारी
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवामें

निदेशक
समाज कल्याण
उ0प्र0 लखनऊ

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 05 दिसम्बर 2022

विषय:- चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय ग्राम-सोहत ब्लॉक-हसनपुर जनपद-अमरोहा के भवन निर्माण हेतु चतुर्थ किश्त की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3502-03/स.क./ए0टी0एस0-सेल(14)/हसनपुर-अमरोहा/2022-23, दिनांक-31.08.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, ग्राम-सोहत, ब्लॉक-हसनपुर, जनपद-अमरोहा के भवन निर्माण हेतु उपभोग प्रमाण पत्र, गुणवत्ता प्रमाण पत्र एवं फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराते हुये अवशेष धनराशि की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, ग्राम-सोहत, ब्लॉक-हसनपुर, जनपद-अमरोहा के भवन निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-30/2020/2016/26-3-2020, दिनांक-17.02.2020 द्वारा आगणित धनराशि रू0-2392.10 लाख की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति निर्गत करते हुये प्रथम किश्त के रूप में रू0-50.00 लाख, शासनादेश संख्या-146/2020/2951/26-3-2020-1(03)/2020, दिनांक-18.11.2020 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0-358.80 लाख एवं शासनादेश संख्या-107/2021/2171/26-3-2021-01(03)/2020, दिनांक-17.09.2021 द्वारा तृतीय किश्त के रूप में रू0-598.00 लाख की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है। तत्क्रम में कार्यदायी संस्था यू0पी0स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्टक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0, उ0प्र0 लखनऊ (यू0पी0 सिडको) द्वारा उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है।

3- उक्त पृष्ठभूमि में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, ग्राम-सोहत, ब्लॉक-हसनपुर, जनपद-अमरोहा के भवन निर्माण हेतु आगणित लागत रू0-2392.10 लाख के सापेक्ष चतुर्थ किश्त के रूप में रू0-461.77 लाख (रू0-चार करोड़ इकसठ लाख सतहत्तर हजार मात्र) धनराशि की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(1)-उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय/उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जायेगा, जिसके लिए स्वीकृत की जा रही है, इससे इतर व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी, जिसका उत्तरदायित्व निदेशक, समाज कल्याण का होगा।

(2)-उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(3)-स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय विद्यमान नियमों का अनुपालन करते हुये सुनिश्चित किया जायेगा तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन व महालेखाकार को नियमानुसार उपलब्ध कराया जायेगा।

(4)-उक्त प्रायोजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो का निर्माण निर्धारित ससमय में पूर्ण कर लिया जाये।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(5)-उक्त प्रायोजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति को रोकने की दृष्टि से यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में अन्य/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(6)-धनराशि आहरित कर पी0एल0ए0 अथवा बैंक/डाकघर खाता में नही रखी जायेगी।

(7)-यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

(8)-धनराशि का आवंटन बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही किया जायेगा।

(9)-प्रश्ननगत कार्यों में शासनादेश संख्या-1178/26-3-2020 दिनांक-12-05-2020 के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(10)-प्रश्ननगत कार्यों में शासनादेश संख्या-1178/26-3-2020 दिनांक-12-05-2020 के प्राविधानों एवं वित्त (लेखा) अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-ए-2-1606/दस-2014-17(4)/75, दिनांक-11.11.2014 में उल्लिखित प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(11)-इस सम्बन्ध में (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/ बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07.06.2022 एवं शासनादेश संख्या-23/2022/ बी-1-749/दस-2022-231/2022, दिनांक-04.11.2022 में वर्णित प्राविधानों प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के अनुदान संख्या-83 के लेखाशीर्षक-''4225-अनुसूचित जातियों,अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो का कल्याण-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-07-राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय-24-वृहद निर्माण कार्य' ' के नामे डाला जायेगा।

उक्त धनराशि की स्वीकृति वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/ बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07.06.2022, शासनादेश संख्या-23/2022/बी-1-749/दस-2022-231/2022, दिनांक-04.11.2022 एवं वित्त (लेखा) अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-ए-2-1606/दस-2014-17(4)/75, दिनांक-11.11.2014 में उल्लिखित प्राविधानों के अधीन निर्गत की जा रही है।

भवदीय,

डॉ0 रमेश चन्द्र तिवारी
उप सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पृसं0-125/2022/2546 (1)/26-3-2022 तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी)प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- महालेखाकार,(लेखा परीक्षा)प्रथम एंव द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।

3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0इलाहाबाद।

4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।

5- जिलाधिकारी, अमरोहा।

6- जिला समाज कल्याण अधिकारी, अमरोहा।

7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।

8- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।

9- प्रबंध निदेशक, यू0पी0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्टक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0, उ0प्र0 लखनऊ।

10- निदेशक, एन0आई0सी0।

11- गार्डफाइल

आज्ञा से,

डॉ0 रमेश चन्द्र तिवारी
उप सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।